देता हरदम साँवरे तू हारे का साथ | by Mukesh Bagda

देता हर दम सांवरे तू हारे का साथ
मैं भी जग से हार के आया थाम ले मेरा हाथ
देता हर दम सांवरे.............

रो रही आँखें मेरी हँसता ज़मान है
मुश्किलों में घिर गया तेरा दीवाना है
बिन तेरे कौन सुने मेरे दिल की बात
मैं भी जग से हार के आया थाम ले मेरा हाथ
देता हर दम सांवरे.............

हर कदम पर क्यों भला मैं मार खाता हूँ
जीतना चाहूँ मगर मैं हार जाता हूँ
आजा अब तू देख ले मेरे ये हालात
मैं भी जग से हार के आया थाम ले मेरा हाथ
देता हर दम सांवरे.............

तू नहीं सुनता अगर किसको बताता मैं
घाव जो दिल पे लगे किसको दिखाता मैं
हर्ष ज़माने ने दिए कितने ही आघात
मैं भी जग से हार के आया थाम ले मेरा हाथ
देता हर दम सांवरे.............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%a6%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95/